दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 06-06-2025

**आयोजन** • नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण और बीजारोपण किया

# क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर उत्साह सरकारी निजी संस्थाओं में पौधारोपण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। सरकारी, निजी क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण और बीजारोपण किया गया। मिल के विभिन्न संयंत्रों विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण, बीजारोपण किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्यक्षेत्र, परियोजना राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक तकनीकी सुरेंद्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं एक साझा उत्तरदायित्व मानता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि, हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए। प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भली भांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है। हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरणीय पहले केवल एक दिन की नहीं, पूरे वर्ष की संस्कृति बनें। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड सदा से ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, अन्य सृजनशील गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक जिम्मेदार औद्योगिक इकाई की भूमिका निभाता आया है। हरित भारत का सपना तभी साकार होगा जब ऐसे प्रयास संस्थागत संस्कृति बन जाएं। इस अवसर पर प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन, सिविल प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष शर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र यादव, उप प्रबंधक डी-इंकिंग प्लांट देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, सुरक्षा विभाग प्रभारी संजय पवार, परिवहन विभाग प्रभारी चंद्रमोहन मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, विजय फेगड़े और नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से अनीस मंसूरी सहित अफसर, कर्मचारी मौजूद थे।



जागृति कला केंद्र की ओर से पौधारोपण किया गया



शासकीय कॉलेज में पौधारोपण किया गया।

## 15 दिनी शिविर का हुआ समापन

संस्था द्वारा 15 दिनी ग्रीष्मकालीन नृत्य, अभिनय प्रशिक्षण शिविर का भी समापन किया गया। इसमें प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा विभिन्न नृत्यों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर संस्था की मीना लोंधे, पार्वती दलाल, रविंद्र हनोते, सैयद निसार, प्रकाश केदारे, रविंद्र गहलोत, सीमा लोनारे, रेशामा खान, लक्की मौजूद थे। इस दौरान चित्रांश पंकज सिन्हा, रूही प्रकाश पवार, आदिश दिलीप शिंदे, मानसी सतीश सूर्यवंशी, कृतिका राकेश चांदलकर, सोनाली महादेव पवार, वैष्णवी नीरज दलाल, आयुषी नीरज दलाल, पुनीता नरेश दिवाकर, तनुश्री निलेश पाटिल, दिव्यांशी दीपक केदारे, अंशिका गणेश चाकरे ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## पीएम कॉलेज में पौधारोपण किया

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेपानगर में इको क्लब के माध्यम से प्राचार्य डॉ. मनीषा साकल्ले ने बॉटनिकल गार्डन में फलदार आम के पौधे लगाए। स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण का आयोजन इको क्लब, एनसीसी, रासेयो द्वारा किया गया। वानिकी विभाग, नेपानगर नर्सरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र महाजन व उनके दल द्वारा कॉलेज परिसर में 200 पौधे लगाने व संरक्षित रखने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान इको क्लब प्रभारी प्रो. बसंत कुमार सोनी, रासेयो प्रभारी डॉ. मायाराम चौहान, एनसीसी प्रभारी जेम्स मिंज, बॉटनिकल गार्डन प्रभारी महेंद्र कुमार पाटील, स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

## नृत्य उत्सव के साथ मनाया पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर कला भवन में नेपानगर जागृति कला केंद्र द्वारा पौधारोपण, समर कैंप का समापन किया गया। मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक आर अलागेसन, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता और वन विभाग रेंजर एआर पांडे ने पौधारोपण किया। अलागेसन ने कहा कला और प्रकृति का संबंध सदियों से रहा है। युवा पीढ़ी पेड़ों का महत्व समझें और जिम्मेदारी से एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करें तो निश्चित रूप से आने वाले कल को हम बहुत कुछ देकर जाएंगे। क्योंकि पेड़ एक ऐसा दाता है जो हमें जीवन भर देता ही है। चाहे ऑक्सीजन हो, फल हो, फूल हो या फिर लकड़ी उस पेड़ का एहसान हम जीवनभर नहीं चुका सकते। रेंजर पांडे ने बच्चों और उपस्थित कलाप्रेमियों को पेड़ के महत्व और पेड़ लगाने के तरीके से परिचित कराया। संस्था के संस्थापक और नेपा लिमिटेड के सांस्कृतिक दूत मुकेश दरबार ने कहा जिस प्रकार हम कला के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। उसी प्रकार प्रकृति के संरक्षण के लिए भी प्रयासरत हैं और वो केवल पौधारोपण से ही ये संभव है। इसलिए आज से हम एक पेड़ कला के नाम अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। इसमें जो भी कला प्रेमी है वो अपनी लोक संस्कृति के नाम एक पौधा लगाएगा और उस पौधे का नाम उस कला संस्कृति के नाम होगा।

पत्रिका

नेपा लिमिटेड में हुआ कार्यक्रम

# हरित भारत के संकल्प के साथ मना पर्यावरण दिवस

**नेपानगर@ पत्रिका.** . नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधरोपण और बीजरोपण किया गया। मिल के विभिन्न संयंत्रों विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्यक्षेत्र, परियोजना राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक तकनीकी सुरेन्द्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं एक साझा उत्तरदायित्व मानता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि, हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए।

## पर्यावरण को बचाना जरूरी

प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भली-भांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है। हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरणीय पहलें केवल एक दिन की नहीं, पूरे वर्ष की संस्कृति बनें। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड सदा से ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, अन्य सृजनशील गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक जिम्मेदार औद्योगिक इकाई की भूमिका निभाता आया है। हरित भारत का सपना तभी साकार होगा जब ऐसे प्रयास संस्थागत संस्कृति बन जाएं।

## यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन, सिविल प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष शर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र यादव, उप प्रबंधक डी-इंकिंग प्लांट देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, सुरक्षा विभाग प्रभारी संजय पवार, परिवहन विभाग प्रभारी चंद्रमोहन मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, विजय फेगड़े और नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से अनीस मंसूरी मौजूद थे।

# उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं अनिवार्यता है: राम

**नेपानगर।** नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा के मार्गदर्शन में पौधारोपण और बीजारोपण किया गया। मिल के विभिन्न संयंत्रों, विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर के आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण एवं बीजारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं अनिवार्यता है।कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक तकनीकी सुरेन्द्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं, एक साझा उत्तरदायित्व मानता है।

हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि, हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए। प्रबंधक महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भलीभांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है।

# नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण एवं बीजारोपण

**मो.हुसैन खोकर**




बुरहानपुर :- भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण और बीजारोपण किया गया। मिल के विभिन्न संयंत्रों, विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर के आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण एवं बीजारोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (कार्यक्षेत्र एवं परियोजना) राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक (तकनीकी) सुरेन्द्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं, एक साझा उत्तरदायित्व मानता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि, हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए। प्रबंधक (पावर हाउस) महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भलीभांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है। हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरणीय पहलें केवल एक दिन की नहीं, पूरे वर्ष की संस्कृति बनें। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड सदा से ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान तथा अन्य सृजनशील गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक जिम्मेदार औद्योगिक इकाई की भूमिका निभाता आया है। हरित भारत का सपना तभी साकार होगा जब ऐसे प्रयास संस्थागत संस्कृति बन जाएँ। इस अवसर पर प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन एवं सिविल प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष शर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र यादव, उप प्रबंधक डी-इंकिंग प्लांट देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, सुरक्षा विभाग प्रभारी संजय पवार, परिवहन विभाग प्रभारी चंद्रमोहन मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, विजय फेगड़े और नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से अनीस मंसूरी सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित रहे।

# नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण एवं बीजारोपण


## हरित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया पर्यावरण दिवस




**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर में भारी उद्योग मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण और बीजारोपण किया गया। मिल के विभिन्न संयंत्रों,विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर के आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण एवं बीजारोपण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (कार्यक्षेत्र एवं परियोजना) राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं,बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं,अनिवार्यता है। कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक (तकनीकी) सुरेन्द्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं,एक साझा उत्तरदायित्व मानता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि,हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए। प्रबंधक (पावर हाउस) महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भलीभांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है। हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरणीय पहलें केवल एक दिन की नहीं,पूरे वर्ष की संस्कृति बनें। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड सदा से ही पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छ भारत अभियान तथा अन्य सृजनशील गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक जिम्मेदार औद्योगिक इकाई की भूमिका निभाता आया है। हरित भारत का सपना तभी साकार होगा जब ऐसे प्रयास संस्थागत संस्कृति बन जाएँ। इस अवसर पर प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा,प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन एवं सिविल प्रशांत कुमार बैथालू,प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष शर्मा,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र यादव, उप प्रबंधक डी-इंकिंग प्लांट देवेंद्र महोबे,उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले,सुरक्षा विभाग प्रभारी संजय पवार,परिवहन विभाग प्रभारी चंद्रमोहन मिश्रा,राजेंद्र चौधरी,विजय फेगड़े और नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से अनीस मंसूरी सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित रहे।

विषय का **परिवर्तन**

इंदौर



# नेपा लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर किया गया पौधारोपण व बीजारोपण

## हरित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया पर्यावरण दिवस

परिवर्तन न्यूज ⏭ मोहम्मद इकबाल




**बुरहानपुर।** भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड नेपानगर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण और बीजारोपण किया गया मिल के विभिन्न संयंत्रों, विशेष रूप से ईटी प्लांट परिसर के आसपास की रिक्त भूमि पर विभिन्न फलदार और छायादार पेड़ों का पौधारोपण एवं बीजारोपण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (कार्यक्षेत्र एवं परियोजना) राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थायी विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है उद्योगों को पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर चलना अब विकल्प नहीं अनिवार्यता है कार्यक्रम समन्वयक, उप महाप्रबंधक (तकनीकी) सुरेन्द्र मेहता ने कहा नेपा लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को केवल दायित्व नहीं एक साझा उत्तरदायित्व मानता है हमारी कोशिश रहेगी कि हर खाली भूमि हर उपेक्षित कोना हरियाली से मुस्कुराए प्रबंधक (पावर हाउस) महेंद्र केशरी ने कहा ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते हुए हम यह भलीभांति समझते हैं कि ऊर्जा और पर्यावरण का संतुलन ही टिकाऊ विकास की असली कुंजी है हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरणीय पहलें केवल एक दिन की नहीं पूरे वर्ष की संस्कृति बनें जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड सदा से ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान तथा अन्य सृजनशील गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक जिम्मेदार औद्योगिक इकाई की भूमिका निभाता आया है हरित भारत का सपना तभी साकार होगा जब ऐसे प्रयास संस्थागत संस्कृति बन जाएँ इस अवसर पर प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन एवं सिविल प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष शर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र यादव, उप प्रबंधक डी-इंकिंग प्लांट देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, सुरक्षा विभाग प्रभारी संजय पवार, परिवहन विभाग प्रभारी चंद्रमोहन मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, विजय फेगड़े और नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से अनीस मंसूरी सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित रहे।

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# नेपा लिमिटेड ने परिसर की रिक्त भूमि पर रोपे पौधे और बीज




नेपा मिल परिसर में पौधे रोपित करते मिल के अधिकारी व कर्मचारी। ● नईदुनिया

**नेपानगर :** नेपा लिमिटेड में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएमडी अरविंद वढेरा के मार्गदर्शन में विभिन्न संयंत्रों व ईटी प्लांट परिसर के आसपास की रिक्त भूमि में विभिन्न फलदार और छायादार पौधे व बीज रोपे गए। मुख्य महाप्रबंधक कार्य एवं परियोजना राम अलागेसन ने पर्यावरण को स्थाई विकास की आत्मा बताते हुए कहा कि संवेदनशील विकास की दिशा में यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित जीवनदर्शन की नींव है। उप महाप्रबंधक तकनीकी सुरेन्द्र मेहता, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी ने भी संबोधन दिया। इस दौरान प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक विपणन एवं सिविल प्रशांत कुमार बैथालू भी मौजूद रहे।

**वृक्ष एक ऐसा दाता है जो हमें जीवन भर देता ही रहता है :** कला भवन में जागृति कला केंद्र द्वारा पौधारोपण कर समर कैंप का समापन किया गया। इस दौरान नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक आर . अलागेसन, उप महाप्रबंधक सुरेन्द्र मेहता और रेंजर एआर पांडेय मौजूद थे। वृक्ष एक ऐसा दाता है जो हमें जीवन भर देता ही है, चाहे आक्सीजन हो, फल हो, फूल हो या फिर लकड़ी।